विमानन संचालनालय
छत्तीसगढ शासन, महानदी भवन,

फोन नं. : 91 (0) 771–2510172
फैक्स नं. : 91 (0) 771–2510172

केपिटल कॉम्प्लेक्स, मंत्रालय
नया रायपुर (छ0ग0) 492001, इंडिया

क्रमांक 733 /विमा0/संचा0/2014

रायपुर, दिनांक : 16 07.2014.

संक्षिप्त निविदा

स्टेट हैंगर, माना एयरपोर्ट एवं कार्यालय की एरिया (अ) (61.6mX35.9m) टारमेक (ब) टैक्सी ट्रैक (194.5mX16m) (स) 35 कमरे तथा अटैच टॉयलेट, कॉरीडोर एवं पार्किंग स्पेस एवं सार्वजनिक टॉयलेट की प्रतिदिन की साफ सफाई हेतु विमानन संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर मोहरबंद निविदा दिए गए प्रोफॉर्मा में आमंत्रित करता है। संबंधित हैंगर के अवलोकन हेतु इच्छुक पार्टियां नये स्टेट हैंगर, माना को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कार्यदिवस में देख सकते है।

निविदा फॉर्म, नियम व शर्तें वेब साईट http/cgstate.gov.in के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा फार्म 25 जुलाई 2014 दोपहर 3:00 बजे तक **विमानन संचालनालय, AD–3/9, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर** में प्राप्त होना अनिवार्य है तथा निविदा खोलने का समय सायं 04:00 बजे निर्धारित किया गया है।

16/7/14
हेतु-संचालक
विमानन संचालनालय
मंत्रालय, नया रायपुर (छ0ग0)

साफ सफाई करने हेतु नियम व शर्तें

1. अनुबंन्ध की अवधि, अनुबंध हस्ताक्षर तथा समझौता के पश्चात् तत्काल प्रभाव से एक वर्ष के लिए लागू होगी। कार्य संतोष जनक होने पर उक्त अवधि को समय–समय पर बढ़ाया जा सकेगा । विस्तृत अनुबंध का निष्पादन आवश्यक होगा ।

2. कोटेशन में अंकित की गई राशि में आपके द्वारा लगाए गए सफाईकर्मियों का वेतन, काम में आने वाली सामग्री जैसे झाड़ू, डस्टर, ओडोनिल, टॉयलेट सफाई की सामग्री, फिनाईल, लिक्विड सोप, टॉयलेट पेपर आदि शामिल होगा ।

3. साफ–सफाई करवाने के संबंध में निम्नांकित विवरण प्रस्तुत है :–

   अ. साफ–सफाई का कार्य उचित तरीके से तथा प्रभावकारी ढंग से होना अनिवार्य है। हैंगर के फर्श की धुलाई व पोछे का कार्य, सभी कमरों में पोछे का कार्य तथा सभी टॉयलेट सेनिटरी फिटिंग तथा चोकेज, कूड़ेदान की साफ–सफाई प्रतिदिन होना अति–आवश्यक है। फर्श, टेबल, सीलिंग, छत, दीवाल, दरवाजों तथा खिड़कियों की धूल की सफाई करना । कार्यालय के कमरों की सफाई का कार्य कम से कम प्रातः दस बजे तक करवाया जाना सुनिश्चित करना ।

   ब. प्रत्येक टॉयलेट में ओडोनिल, लिक्विड सोप वॉश का होना सुनिश्चित करना ।

   स. प्रत्येक कमरों व टॉयलेट के दरवाज़ों खिड़कियों के हैन्डल व कुन्दों की साफ–सफाई उचित तरीके से तथा प्रभावकारी ढंग से सुनिश्चित करना ।

4. ठेकेदार को कम से कम चार सफाई कर्मी के साथ में एक सुपरवाईजर सभी कार्य दिवस में रखना अनिवार्य है। यदि हैंगर तथा कार्यालय रविवार तथा अन्य अवकाश के दिनों में भी खुलता है तो भी सीमित सफाई की व्यवस्था अनिवार्य रुप से आवश्यक है ।

5. संपूर्ण कार्य क्षेत्र जिसका ऊपर वर्णन किया गया है तथा VIP रुम तथा अन्य स्थानों की सफाई उचित ढंग से किया जाना आवश्यक है तथा हैंगर ईंचार्ज के द्वारा निर्देशित आदेशों का पूर्णतः पालन किया जाना आवश्यक है ।

6. यदि ठेकेदार द्वारा साफ–सफाई में किसी तरह लापरवाही किसी भी कार्य दिवस में बरती जाती है अथवा कार्य असंतोषजनक पाया जाता है पर किसी सफाई कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होती है तो प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित की गई राशि को काट लिया जायेगा एवं अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संचालक का होगा ।

2....

7. निविदा फॉर्म को संलग्न प्रोफॉर्मा में भरना है । फार्म के साथ ₹ 500.00 की डी.डी संचालक, विमानन संचालनालय, रायपुर को फीस के स्वरुप संलग्न करना अनिवार्य है । निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2014 दोपहर 3:00 बजे तक तथा उसे खोलने का समय सायं 04:00 बजे निर्धारित किया गया है ।

8. सभी कान्ट्रेक्ट कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी दर पर मजदूरी का भुगतान करने की जिम्मेदारी होगी साथ ही कर्मचारियों का बीमा आदि का दायित्व भी ठेकेदार को वहन करना होगा । अनुबंध स्वीकृत होने पर सुरक्षा निधि के रूप में कुल कान्ट्रेक्ट राशि का 10% FDR के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा । जो अनुबंध समाप्त होने पर वापसी योग्य होगा ।

9. अनुबंध 1000/– के स्टाफ पर सम्पादित करना होगा ।

16/7/14

हेतु-संचालक
विमानन संचालनालय
मंत्रालय, नया रायपुर (छ0ग0)

साफ सफाई हेतु निविदा प्रोफार्मा

1. नाम :

2. पूर्ण पता :

3. टेलीफोन क्रमांक :

4. कम्पनी का व्यवसायिक रजिस्ट्रेशन क्रमांक :

5. अनुभव (किसी संस्था/विभाग में साफ–सफाई व रख रखाव, टॉयलेट की सफाई का अनुभव वालों को प्राथमिकता) दस्तावेज़ी प्रमाणपत्र संलग्न करें। :

6. पेन कार्ड की छायाप्रति एवं इन्कम टैक्स जमा करने का सर्टिफिकेट :

7. मासिक दर

स्थान :–

नाम व हस्ताक्षर

दिनांक :–